भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **3059**
दिनांक 11 जुलाई , 2019 / 20 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

दरभंगा से विमानों का प्रचालन

3059. श्री दिलेश्वर कामैत:
श्री अजय निषाद:
श्री गोपाल जी ठाकुर:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या हाल ही में दरभंगा (बिहार) से विमान उड़ानों के प्रचालन का उद्घाटन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ख) क्या सरकार का बिहार राज्य में दरभंगा और मुजफ्फरपुर या इन दोनों शहरों के निकट किसी स्थान पर विमानपत्तन का निर्माण करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या उड़ानों के प्रचालन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं स्थापित की गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या उड़ानों का प्रचालन अभी तक शुरू नहीं हुआ है और यदि हां, तो दरभंगा से विभिन्न शहरों तक उड़ानों का प्रचालन कब तक शुरू होगा;
(ङ) क्या मुजफ्फरपुर और बिहार में विमानपत्तन के निर्माण में सरकार के समक्ष कोई कठिनाई आ रही है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क):दरभंगा हवाईअड्डे से उड़ान प्रचालनों का अभी शुभारंभ नहीं किया गया है। दरभंगा हवाईअड्डा भारतीय वायु सेना के अधिकार क्षेत्र में है और रक्षा मंत्रालय ने संयुक्त प्रयोग हेतु हवाईअड्डे पर सिविल इन्कलेव को विकसित करने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया है। निर्माण गतिविधियां आरंभ करने के लिए दिनांक 24.12.2018 को भूमि पूजन/शीलान्यास समारोह का आयोजन किया गया था।

(ख) तथा (ग): दरभंगा या मुजफ्फरपुर या इन शहरों के समीप किसी स्थान पर नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के निर्माण का कोई प्रस्ताव राज्य सरकार या किसी हवाईअड्डा प्रचालक से प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने सिविल उड़ानों के प्रचालन के लिए मौजूदा दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन पर अंतरिम टर्मिनल भवन (आईटीबी) के निर्माण का कार्य आरंभ किया है।

(घ) : अंतरदेशीय सेक्टर में विमान प्रचालनों को अविनियमित किया गया है और एयरलाइनें सरकार द्वारा जारी मार्ग संवितरण दिशानिर्देशों (आरडीजी) के मद्देनजर देश में कहीं भी प्रचालन करने के लिए स्वतंत्र हैं। यह एयरलाइनों पर निर्भर करता है कि वे यातायात की मांग और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर विशिष्ट स्थानों के लिए विमान सेवाएं उपलब्ध कराएं।

(ड.) तथा (च): मुजफ्फरनगर हवाईअड्डा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारक्षेत्र में है। हवाईअड्डे के विकास के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने बिहार सरकार के समक्ष 479 एकड़ भूमि का अनुमान प्रस्तुत किया है।

*****